# गिरिडीह : राह आसान नहीं है चंद्रप्रकाश चौधरी की

## सांसद पर उपेक्षा का आरोप, गुटों में बंटे है भाजपा कार्यकर्ता

▶▶ भाजपा के प्रदेश प्रभारी वाजपेयी की एक राउंड हो चुकी है मीटिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** कोयलांचल में लोकसभा के चुनाव में एनडीए उम्मीदवारों को भाजपा कार्यकर्ताओं के कड़े आंतरिक विरोध का सामना करना पड़ रहा है। धनबाद के बाद ताजा मामला गिरिडीह से मैदान में उतरे आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी का है। श्री चौधरी की राह उतनी आसान नहीं मानी जा रही है। भाजपा का समर्थन मिलने के बावजूद कार्यकर्ता इनसे कन्नी कटाये हुए हैं। 2019 के चुनाव में उन्हें बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो का भरपूर सपोर्ट मिला था। भाजपा कार्यकर्ता तन,मन से लगे थे। इस बार थोड़ा भिन्न इसलिए भी है कि ढुल्लू खुद धनबाद से प्रत्याशी हैं और कार्यकर्ता धनबाद में ज्यादा सक्रिय रहेंगे। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में बाघमारा के साथ डुमरी, गिरिडीह,बेरमो, टुंडी और गोमिया विधान सभा क्षेत्र है। बाघमारा को छोड़ सभी पांच क्षेत्रों में दूसरे दलों के विधायक हैं।

गिरिडीह की पिच पर दूसरी बार बल्लेबाजी को उतरे आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को पहला झटका तब लगा जब राजगंज में उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं की खरी खोटी सुननी पड़ी। कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के इन पर आरोप लगे। यही नहीं मधुबन में भी पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में भी कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। पिछली बार भाजपा के कारण ही इनकी जीत सुनिश्चित हुई थी। इस बार श्री चौधरी की सामना झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो से है, जो टुंडी से झामुमो के विधायक हैं। उन्हें कांग्रेस का ड्डी समर्थन प्राप्त है। सबसे बड़ी मुसीबत खातियानी भाषा संघर्ष समिति के लड़ाकू तेवर के नेता जयराम महतो का चुनाव मैदान में उतरना है। भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध के स्वर की आहट पाकर भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी को आना पड़ा और बाघमारा में एक राउंड उनकी कार्यकर्ताओं से बात हुई है। उन्होंने साफ कहा है कि पीएम मोदी का इस बार चार सौ पार का संकल्प तभी पूरा होगा, जब कार्यकर्ता आपसी मनमुटाव को भूल कर पार्टी के उम्मीदवारों को विजयश्री का सेहरा पहनाएंगे। बहरहाल आजसू के विभिन्ना स्तर के नेता भाजपा कार्यकर्ताओं के मान मनौव्वल में जुटे हैं। ज्ञात हो कि गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी से जनता में भी भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। चौक चौराहों पर उनके पिछले पांच साल के कामकाज की चर्चा शुरू होने लगी है। लोगों का कहना है कि पांच साल में विकास का जो कार्य होना चाहिए था, वह नहीं हुआ है। सड़क, पुल पुलिया, रेल कनेक्टिविटी में सुधार नहीं हुआ। बेरोजगारी भी एक बड़ी समस्या है। विपक्षी दल के प्रत्याशी इसे हथियार बनाकर जनता के बीच जा रहे हैं। राजगंज में भाजपा कार्यकर्ता भी अपनी नाराजगी जगजाहिर कर चुके हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार टक्कर मजबूत रहेगी।

## झामुमो ने 14 मांगों पर सकारात्मक पहल के लिए सेल को पुनः सौंपा पत्र

**सिंदरी।** सेल की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट में 224 एकड़ भूमि एकमुश्त अधिग्रहण सहित 14 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सोमवार को पुनः मांग पत्र सेल चासनाला प्रबंधन को सौंप दिया है। इसके पहले विगत 28 मार्च को झामुमो महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल के नेतृत्व में मांगपत्र सौंपा जा चुका है।

उपाध्यक्ष ने बताया कि सेल चासनाला प्रबंधन को 28 मार्च के मांगपत्र का रिमाइंडर दिया गया है। प्रबंधन सकारात्मक पहल की ओर बढ़ता नहीं दिखाई दे रहा है। ग्रामीण कोयला खनन के समर्थन में हैं। परंतु प्रबंधन अड़ियल रवैये के साथ ग्रामीणों की मांगों को दरकिनार कर खनन चाहता है। यह अन्यायपूर्ण स्थिति है।

उन्होंने कहा कि टासरा के विस्थापितों के लिए आसनबनी के ग्रामीणों की भूमि अधिग्रहण के बदले भी पूर्णतः विस्थापन की प्रक्रिया होनी चाहिए। इन 14 सूत्री मांगों में 224 एकड़ भूमि का एकमुश्त अधिग्रहण, प्रदूषण से बचने के लिए पानी छिड़काव, नो एंट्री जोन के तहत स्थानीय लोगों को कोयला परिवहन, मैनुअल कोल उठाव स्की अनुमति ाहित अन्य मांगें शामिल हैं। उन्होंने इन मांगों पर सकारात्मक पहल के लिए सेल प्रबंधन को अगले 21 दिन का समय दिया है।

## 11000 हैवी तार पर पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बघित, कई सामान जले

**कतरास।** बाघमारा स्टेशन रोड में रविवार की रात 11000 हैवी विद्युत धारा वाले पोल में एक सूखा पेड़ गिर जाने से यहां लगे ट्रांसफार्मर में तेज आवाज के साथ हाई वोल्टेज हो गया। जिस कारण कई लोगो के इलेक्ट्रॉनिक सामान पंखा टीवी आदि उड़ गया। इसके साथ ही क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाघित हो गई। यह घटना रात्रि 2 बजे के आसपास हुई। घटना के कारण करीब 9 घंटे तक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप रही। स्थानीय बिजली मिस्त्री द्वारा सूचना मिलने के बाद ट्रांसफार्मर को ठीक कर विद्युत आपूर्ति बहाल किया गया।

## हर्षित हत्याकांड में नाबालिग को उम्रकैद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** महुदा निवासी हर्षित की हत्या कर देने के मामले में सोमवार को अदालत ने फैसला सुनाया। धनबाद चिल्ड्रन कोट के विशेष नयायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने नाबालिक को अपहरण के आरोप मे दस वर्ष कैद छह हजार रुपए जुमार्ना, हत्या के आरोप मे उम्रकैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना, हत्या कर साक्ष्य छुपाने के जुर्म में तीन वर्ष कैद एवं तीन हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। अदालत ने सभी सजाओं को साथ साथ चलाने का आदेश दिया है। चार अप्रैल को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। तथा सजा की बिंदु पर सुनवाई की तारीख 8 अप्रैल निर्धारित की थी। इससे पूर्व इसी मामले में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की प्रधान दंडाधिकारी प्रतिमा उरांव की अदालत ने मंगलवार को मामले के नामजद नाबालिग को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई थी। लोक अभियोजक अवधेश कुमार के अनुसार प्राथमिकी मृतक के पिता विन्ध्याचल यादव की शिकायत पर महुदा थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुतबिक दो नाबालिग ने मृतक हर्षित को घुमने की बात कह कर 22 सितंबर 22 अपने साथ ले गया। आरोप था कि जमुनिया कोलडंप में दोनों ने मिलकर हर्षित की गमछे से गर्दन दबा कर व पत्थर से कूच कर हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को पत्थर के नीचे दबा दिया। काफी खोजबीन के बाद भी जब हर्षित का पता नहीं चला, दोनों आरोपियों ने भी इस विषय में कुछ नहीं बताया तो हर्षित के पिता ने दोनों के विरुद्ध 23 सितंबर 22 को प्राथमिकी दर्ज कराई जब पुलिस ने सख्ति दिखाई तो दोनों ने अपना दोष स्वीकार किया दोनों के निशानदेही पर शव व हत्या में प्रयुक्त गमछा को पुलिस ने बरामद किया था । 16 दिसंबर 22 को पुलिस ने दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने कुल ग्यारह गवाहों का परीक्षण कराया था।

फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने की छापेमारी, बड़े पैमाने पर शराब बरामद

## होटल व घर में अवैध अंग्रेजी शराब बेचने के आरोप में एक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** जिले के जमुआ थाना क्षेत्र के द्वारपहरी स्थित चचघरा में महेन्द्र वर्मा एवं उसका भतीजा राजेश वर्मा अपने होटल एवं मकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने का कारोबार कर रहा था। इस बात की गुप्त सूचना पर फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने छापेमारी की और बड़े पैमाने पर शराब की खेप बरामद की है।

विगत रविवार रात एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में दल का गठन किया गया। टीम ने छापा मारा और बीयर 135 पीस, विभिन्न ब्रांड की 30 पीस और 30 लीटर महुआ देसी शराब जब्त की है।

पुलिस ने मौके से राजेश वर्मा को गिरफ्तार किया और काण्ड संख्या 81/24 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। धंधे में संलिप्त अन्य आरोपियों की धर पकड़ को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, खोरीमहुआ निरज कुमार सिंह, जमुआ अंचल पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, जमुआ थाना प्रभारी मणिकांत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक जमुआ रोहित कुमार सिंह, छाया किस्कु, एस.ए.एन. वेद प्रकाश पांडेय, सहायक अवर निरीक्षक राकेश रौशन पाण्डेय समेत जमुआ थाना में पदस्थापित पुलिस बल मौजूद थे।

## तेतुलमुड़ी में ब्लास्टिंग से उड़े पत्थर की चपेट में आकर युवक घायल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** बीसीसीएल के मोदीडीह कोलियरी अंतर्गत तेतुलमुड़ी 22/12 स्थित हिल टॉप आउटसोर्सिंग पैच में सोमवार की दोपहर ब्लास्टिंग से उड़े पत्थर की चपेट में आकर एक युवक घायल हो गया। उड़े पत्थरों से आसपास के कई घरों को भी नुकसान पहुंचा।

बताया जाता है बकिलास्टिंग से उड़ा पत्थर तेतुलमुड़ी 22/12 निवासी मो. मिनाज के घर की एडबेस्टस शीट को तोड़कर कमरे में जा गिरा। इस घटना में मिनाज का 22 वर्षीय पुत्र अय्यान को चोट लगी। मकान कै एडबेस्टस शीट भी कई जगहों पर टूट फूट गया. इस घटना से आक्रोशित लोग परियोजना स्थल पहुंचे तथा वहां कामकाज को बंद करा दिया। सूचना पाकर पुलिस पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। घायल युवक को नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

## ईद-रामनवमी शांति से मनाएं, विधि व्यवस्था बनाए रखें

**महुदा।** ईद उल फितर और रामनवमी शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर भाटडीह ओपी परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी बालमुकुन्द सिंह ने की। ओपी प्रभारी बालमुकुन्द सिंह ने उपस्थित लोगों को बताया कि दोनों त्योहार आपसी भाई-चारा का है। जिला प्रशासन के आदेश का पालन करते हुए विधि- व्यवस्था बनाये रखना है। बैठक में अवर निरीक्षक वरूण हेम्ब्रम, मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश प्रमाणिक, संपत घोषाल, आदर ग्याली, करामत अंसारी, मेहन्दी हसन, अमजद अंसारी, कैलाश पासवान, धीरेन महतो, सूरज पासवान, राजाराम पासवान, भुनेश्वरी देवी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

धनबाद के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने विधायक सरयू राय को भेजा नोटिस

## सरयू राय बगैर सबूत आरोप लगाने के लिए मांगें माफी, अन्यथा होगा मुकदमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** बाघमारा विधायक सह भाजपा के सांसद उम्मीदवार विधायक ढुल्लू महतो ने जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय को कोर्ट नोटिस भेजा है। नोटिस में उन्होंने कहा है कि बिना किसी सबूत और तथ्य के उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। नोटिस में सरयू राय से माफी मांगने की मांग करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा किया जाएगा।

ढुल्लू महतो ने कहा है कि सरयू राय ने धनबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि उनके खिलाफ 50 से अधिक मामले लंबित हैं। दो-तीन मामलों को मिलाकर 4 साल से अधिक की सजा भी हो चुकी है। वह फेसबुक पर भी लाइव आकर अनर्गल बयान दे चुके हैं, लेकिन कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है।

नोटिस में ढुल्लू के वकील ने कहा है कि उनके मुवक्किल के खिलाफ असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया गया है। चुनाव के समय उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। जमशेदपुर विधायक ने माफी नहीं मांगी तो उनके खिलाफ केस किया जाएगा।

विधायक सरयू राय ने भी नोटिस मिलने की पुष्टि करते हुए कहा है कि उन्होंने जो भी आरोप लगाए हैं, उस पर वह अडिग हैं, यह ढुल्लू महतो की चुनावी चाल है।

## घनुडीह ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के घनुडीह ओपी में ईद व रामनवमी पर्व को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार सोमवार को घनुडीह शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता ओपी प्रभारी पवन कुमार सिंह ने की जबकि संचालन भाजपा नेता अर्जुन निषाद ने किया। मौके पर समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए ओपी प्रभारी पवन सिंह ने कहा कि आने वाले कुछ ही दिनों में ईद और रामनवमी पर्व है इस पर्व को दोनों समुदाय के लोग आपस में भाईचारा को स्थापित करते हुए सौहार्द पूर्वक मनाते हुए एक अच्छा पैगाम समाज को देने का कार्य करें। ताकी आने वाले पीढ़ियों के लिए शुभ संकेत बन सके। पुलिस हमेशा कोई भी पर्व को खुद नही मनाती है लेकिन आप लोगों को पर्व शांति पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए हमेशा रहती है तात्पर्य। पूजा के दौड़ान काफी संख्या में महिला, पुरुष, नन्हे बच्चें, बच्चियां मेला देखने के लिए घर से बाहर अखाड़े में पहुंचते हैं जंहा खिलाड़ियों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया जाता है। ऐसे में पूजा कमिटी के लोग भोलंटियर बनकर भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखने का काम करें। इसके लिए पूजा कमिटी के लोग अपना एक आईडी कार्ड बनाकर अपने गर्दन आ पैकेट पर पिन के माध्यम से लटका कर रखे ताकि जरूरत पड़ने पर पुलिस उनसे संपर्क कर समस्या का निदान कर सके। पूजा के दौरान किसी भी प्रकार के आपत्ति जनक पोस्ट करने से परहेज करें। किसी को किसी भी प्रकार की गलत या सही सूचना मिलती है तो आपलोग ओपी पुलिस को सूचना देने का कार्य करे। इसके लिए ओपी पुलिस चौबीसों घण्टे आप सभी की सुरक्षा के लिए तात्पर्य बैठी है।

बैठक में गुरुदास चटर्जी का शहादत दिवस शानदार ढंग से मनाने का आह्वान

## धनबाद लोकसभा के मासस प्रत्याशी को विजयी बनाएं : अरूप चटर्जी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुमारधुबी।** गुरुदास भवन मासस पार्टी कार्यालय निरसा में प्रखंड कमेटी की बैठक आज सोमवार को हुई। अध्यक्षता पार्टी के निरसा प्रखंड अध्यक्ष टूटन मुखर्जी ने की व संचालन मुमताज अंसारी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के मासस प्रत्याशी कॉ जगदीश रवानी और पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मौजूद थे।

बैठक में धनबाद लोकसभा के मासस प्रत्याशी प्रचंड जीत के लिए प्रचार व 14 अप्रैल को शहीद गुरुदास चटर्जी के शहादत दिवस को शानदार तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद लोकसभा क्षेत्र के मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि भाजपा अपना हर वादा पूरा करने में विफल रही है। हर साल दो करोड़ रोजगार के बदले दी बढ़ती बेरोजगारी, 100 स्मार्ट सिटी के बदले पूंजीपतियों का कर्ज माफ किया, जबकि किसानों पर कर्ज का बोझ लाद दिया गया है। मजदूर बेबस और मजबूर हो रहे हैं। पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि इस बार धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मासस के प्रत्याशी माटी पुत्र जगदीश रवानी को संसद भवन भेजिए, जो यहां के जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे । सभी बूथ पर कमेटी बनाई जाए एवं 14 अप्रैल को शहीद गुरुदास चटर्जी के शहादत दिवस पर भारी संख्या में लोग देवली पहुंचें।

बैठक में आगम राम, लालू ओझा, दिल मोहब्बत, बादल बाउरी, मुमताज अंसारी, मजनू बाउरी, सपन गौराई, गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन के सचिव मनोज सिंह, संयोजक लखन सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णा रजक, मीडिया प्रभारी प्रभु सिंह, बासुकीनाथ रविदास, अजय पासवान, शंकर सिंह, अमल खान, आशा देवी, मणि शंकर सेन, निरंजन गौराई, राजीव सिंह, मनोज सिंह, हरे राम, पोमिल सिंह, भक्ति पौधों, सूरज दास, प्रदीप दास, भीम गौराई, दिलीप, दीपक मोदी, मोलाई गौप, बंसी दे, सलीम अंसारी, मदन दे सहिता वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उपायुक्त ने मटेरियल कोषांग का किया निरीक्षण

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को गोल्फ ग्राउंड के समीप विवाह भवन में बनाये गए मटेरियल कोषांग का निरीक्षण किया। उन्होंने कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार को युद्ध स्तर पर कार्य जारी रखने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सभो कार्य सिस्टमैटिक तौर पर करें एवं सामग्री कोषांग में जिस भी सामग्री की कमी है उसे अवीलंब निर्वाचन शाखा से प्राप्त करें। उपायुक्त ने कहा कि हर हफ्ते अब मटेरियल कोषांग का निरीक्षण किया जाएगा, इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की कोई कोताही एवं लापरवाही नहीं बरतेंगे।

## एक नजर में

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ प्रारम्भ



**तोपचांची।** सोमवार को तोपचांची प्रखंड के ढांगी में रामलाल के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर झारखंड जनहित मोर्चा के तत्वावधान में भव्य कलश के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं नवाहपरायण मानस यज्ञ शुरू हुआ। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिला-पुरूष सहित कुवांरी कन्याएं शामिल होकर पूरे गांव की परिक्रमा की। इस दौरान पूरे ढांगी गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। झारखंड जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान 17 अप्रैल तक चलेगी। प्रतिदिन विधिविधान से पुजा अर्चना तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं संध्या 5 बजे से वृंदावन से पधारे पंडित श्री बालकृष्ण जी महाराज के मुखारविंद से अमृत स्वरूप कथा का वाचन किया जाएगा।

### जिला कमेटी ने नव मनोनीत सदस्यों को सम्मानित किया

**कतरास।** बाघमारा के नव मनोनीत झारखंड युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों का जिला कमेटी की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, केंद्रीय सदस्य अमितेश सहाय, केंद्रीय प्रवक्ता डा. नीलम मिश्रा, केंद्रीय सदस्य अशोक मंडल, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, रंजीत महतो, शम्भू महतो, प्रदीप कुमार वर्मा, लक्ष्मण, मुकेश कुमार गुप्ता इत्यादि उपस्थित थे।

### सिविल कोर्ट में कुर्सी चोरी से अधिवक्ता परेशान

**धनबाद।** कुर्सी के लिये क्या नहीं हो जाता है। लेकिन धनबाद सिविल कोर्ट कैम्पस में कुर्सियों पर ही आफत है। पता नहीं किसकी नजर लग गयी है, अधिबक्ताओं के बैठने वाली कुर्सियों की दनादन चोरी हो रही है।धनबाद सिविल कोर्ट में आए दिन अधिवक्ताओं के बैठने वाली कुर्सी चोरी कर ली जा रही है वह भी तब जब एसडीएम कैंपस मे पुलिस कंट्रोल रूम भी है। अधिवक्ता गजेंद्र कुमार ने जिला प्रशासन एवं बार एसोसिएशन को पत्र लिखकर नाइट गार्ड की व्यवस्था की मांग की है

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार,सजा आज

**धनबाद।** नाबालिक से दुष्कर्म करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी सहाना खरखरी निवासी राकेश महतो को को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए मंगलवार की तारीख निर्धारित की है। प्राथमिकी पीड़िता के माता के शिकायत पर मधुबन थाने मे सात अप्रैल 22 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 31 मार्च 22 को पीड़िता कपड़ा सिलवाने की बात कह कर घर से निकली परंतु शाम तक वापस घर नहीं आई खोजबीन पर पता चला कि राकेश महतो शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा ले गया है ।आरोप था कि आरोपी ने पीड़िता को चार महीने तक हरियाणा में रखा उसके साथ विवाह किया और उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 15सितंबर 22 को राकेश के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था 21 नवंबर 22 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी सुनवाई के दौरान अभियोजनने कुल सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

डीएचएन 8 फोटो-7

### मैथन ओपी में शांति समिति की बैठक, डीजे पर रहेगा प्रतिबंध

▶▶ईद व रामनवमी पर्व शांति और सौहार्दपूर्वक मनाने की अपील

**कुमारधुबी।** मैथन ओपी परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने की व संचालन मेढा पंचायत के मुखिया मनोज राउत ने किया। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाजसेवी व स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद थे। मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि अफवाह पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। रामनवमी का अखाड़ा पूर्व निर्धारित रूट पर ही चलेगा। नए रूट की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी को भाईचाराऔर सौहार्द पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। डीजे पर प्रतिबंध रहेगा, वही रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर नहीं बजेंगे। रामनवमी में सभी अखाड़ा दल जुलूस निकालेंगे। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन होने पर कार्रवाई होगी। बैठक में मुखिया मनोज राउत, बबलू चौधरी, अजय मुर्मु, व दीपा दास, चिरंजीत मंडल, मंटू महतो, संतोष कुमार, संहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल में नए सत्र की हुई शुरूआत



**गिरिडीह।** सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल में नए जोश के साथ नए सत्र 24-25 का शुभारंभ किया गया। कनिष्ठ वर्ग की विशेष - सभा में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नवीन छात्रों (एलकेजी ) का स्वागत भी तालियाँ बजाकर व नए-नए खिलौनों के साथ किया गया। नवीन छात्रों के अभिभावक अपने बच्चों के साथ सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते हुए काफी उत्साहित थे। एलकेजी के सभी नये विद्यार्थियों को चॉकलेट का वितरण प्राचार्य ओपी गोयल ने अपने हाथों से किया एवं सभी बच्चों का स्वागत कर उन्हें विद्यालय परिवार में सम्मिनित होने पर बधाई दी।

वहीं वरिष्ठ कक्षा की विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन विद्यालम की सबसे वरीय कक्षा बारहवीं के छात्रों द्वारा किया गया। जिसमें सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने मिलकर बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय की शिक्षिका एस.रब्बानी ने विद्यार्थियों का परिचय नये प्राचार्य ओपी गोयल को विद्यार्थियों से परिचित कराया। प्राचार्य ओपी गोयल ने अपने उद्?बोधन में बच्चों की प्रतिभा की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं बच्च्चों से अनुशासन समय बाध्यता, स्पोकन इंग्लिश, लक्ष्य निर्धारण आदि के महत्व पर बात की।

डीएचएन 8 फोटो-12

### धनबाद की आवाज बनेंगे, समस्याओं का करेंगे समाधान : ढुल्लू महतो

**गोविंदपुर।** भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने सोमवार को गोसाईंडीह बैंक कॉलोनी में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि वह धनबाद की आवाज बनेंगे। एयरपोर्ट समेत यहां की विभिन्न समस्याओं को लोकसभा में तथा प्रधानमंत्री के समक्ष रखेंगे और समाधान कराएंगे। श्री महतो का नागरिकों ने स्वागत किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, पूर्व मुखिया सुभाष गिरि, बलदेव महतो विक्रांत उपाध्याय रामा प्रसाद सिंह, प्रकाश गोस्वामी, मोहन राय, टीपी सिंह, यूएन शर्मा, एसके घोषाल, शिवपूजन गोप, अनिल सिन्हा, अजय गोस्वामी , नयन मिश्रा, गौतम सिकदर, अशोक भारती, विकास गिरि, परमेश्वर गोप, धीरज गिरि, उमेश गिरि भारती देवी आदि मौजूद थे। इसके पूर्व श्री महतो भाजपा नेता विक्रांत उपाध्याय के घर गए।

### सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के रुकने की व्यवस्था जल्द करें पूरी:उपायुक्त

**धनबाद।** जिले में सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के ठहरने की व्यवस्था को लेकर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा चुनाव में फोर्स कंपनियों के रुकने की जगह तथा सभी मतदान केन्द्रों पर पानी, बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था शीघ्र पूरी करें। काम की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# निरसा में नगदी सहित लाखों रुपये के अवैध लॉटरी का टिकट बरामद

▶▶ सात गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के भलजोरिया निवासी आनंद साव के घर पर एसओजी टीम ने छापामार कर लाखों रुपये का अवैध लाटरी टिकट, 65 हजार नगद 11 मोबाईल फोन एवं दो रजिस्टर सहित सात लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। टीम ने जब्त लॉटरी टिकट, मोबाइल फोन एवं नगदी सहित गिरफ्तार लोगों को निरसा पुलिस को सौंप दिया। निरसा पुलिस ने 11 लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज किया है, जिसमें गिरफ्तार सात लोगों को सोमवार को जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कारवाई से अवैध लॉटरी से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के आधार पर नामजद आरोपियों के अलावा गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अवैध लॉटरी के धंधे का मुख्य सरगना आनंद साव पुलिस के गिरफ्त में नहीं आया है। गिरफ्तार युवकों में गोविंदपुर क्षेत्र के बागुडीह के पिंटू कुम्भकार, निरसा भलजोलिया के अमित कुमार, भूरकुंडा बाड़ी के बिरू सिंह, निरसा हरियाजाम के मानस चक्रवर्ती, कालुबथान शवलापुर के उत्पल मण्डल, एमपीएल ओपी क्षेत्र के चरघड़ा के उत्तम लोहार, एवं निरसा बंगालपाड़ा के विष्णु सिंह शामिल है। जिनको पूछताछ करने के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया है।

बता दें कि गुप्त सूचना के आधार पर धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन के निर्देश पर एसओजी टीम ने रविवार के शाम आनंद साव के निरसा भलजोलिया स्थित आवास पर छापेमारी कर नगदी सहित कई बोरा प्रतिबंधित लॉटरी के जाली टिकट बरामद किया था। मौके से पुलिस ने सात युवकों को भी हिरासत में लिया था। बताया जाता है कि ये लोग प्रतिबंधित लॉटरी के टिकट को छपाई कर निरसा, बरवा, कलियासोल, चिरकुंडा, कुमारधुबी, मैथन, मैथनमोड़, पंचेत, गल्फरबाड़ी आदि जगहों पर सप्लाई करते है। प्रतिबंधित लॉटरी की छपाई व बिक्री कर आनंद साव कुछ वर्षों में ही करोड़ों की संपत्ति का बेताज बादशाह बन गया है। बताते चलें कि आनंद साव के आवास पर पूर्व में भी निरसा पुलिस ने छापेमारी की थी। जहां से भारी मात्रा में कई बोरा प्रतिबंध लॉटरी बरामद किया गया था। जिसके बाद भी आनंद साव ने इस धंधे को अंजाम देने में लगा रहा।

पुलिस ने इस मामले में निरसा थाना कांड संख्या 114 /24 भादवि की धारा 420, 294/ए, 120 बी, 34 एवं 7 लॉटरी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### 11 लोगों पर नामजद प्राथमिकी

अवैध लॉटरी के कारोबार संचालित करने के मामले में निरसा थाना में निरसा भालजोरिया निवासी आनंद साव, निरसा निवासी अजीत साव, नवलकिशोर साव, पांड्रा निवासी गुरदेव रवानी गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बागदुडीह निवासी पिंटू कुंभकार, निरसा भालजोरिया निवासी अमित कुमार, भुरकुंडाबाड़ी निवासी वीरू सिंह, हरियाजाम कॉलोनी निवासी मानस चक्रवर्ती, कालूबथान ओपी अंतर्गत सबालापुर निवासी उत्पल मंडल, एमपीएल ओपी अंतर्गत चारधरा विजयपुर निवासी उत्तम कुमार लोहार, निरसा बंगालपाड़ा निवासी विष्णु सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया है। पुलिस ने पिंटू कुंभकार, अमित कुमार, वीरू सिंह, मानस चक्रवर्ती, उत्पल मंडल, उत्तम कुमार लोहार एवं विष्णु सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## डॉ शुक्ला ने बीआईटी सिंदरी में स्नातकोत्तर छात्रों के रिसर्च प्रोजेक्ट की समीक्षा की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सी 51 में सोमवार को इंटरनेशनल जर्नल ऑफ जियोसिंथेटिक्स एंड ग्राउंड इंजीनियरिंग स्विट्जरलैंड के संस्थापक सह चीफ एडिटर प्रो डॉ संजय कुमार शुक्ला ने स्नातकोत्तर के छात्रों के रिसर्च प्रोजेक्ट में किए गये कार्यों की समीक्षा की।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ जीतू कुजूर ने विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों को भू तकनीकी इंजीनियरिंग के प्रसिद्ध प्रोफेसर डॉ शुक्ला के कार्य क्षेत्र की संक्षिप्त जानकारी दी। सभी छात्रों ने अपने किए गए कार्यों को प्रस्तुत किया। इस पर डॉ शुक्ला ने टिप्पणी देते हुए रिसर्च प्रोजेक्ट को सही दिशा में नियमित समय के अंदर पूर्ण करने की सलाह दी। कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ उदय कुमार सिंह, प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा, डॉ माया राजनारायण रे, डॉ ब्रह्मदेव यादव, डॉ सुमित कुमार, डॉ अभिजीत आनंद, प्रो निपेन कुमार दास, प्रो प्रकाश कुमार उरॉव, प्रो इकबाल शेख एवं प्रो प्रशान्त रंजन मालवीय उपस्थित रहे।

## युवती ने प्रेमी पर लगाया यौन शोषण का आरोप

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के ब्रह्मबाबा मंदिर परिसर के समीप रहने वाली एक युवती ने अपने प्रेमी सुधीर कुमार चौधरी पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए महुदा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। महुदा पुलिस मामला दर्ज करने के पश्चात रविवार को सुधीर कुमार चौधरी को गिरफ्तार कर थाना ले आयी।

सोमवार को उसे पोक्सो एक्ट के तहत न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए पुलिस उसे धनबाद ले गयी। प्रेमिका का 164 के तहत न्यायालय में बयान दर्ज कराने के लिए उसे भी धनबाद ले गयी। स्मरण रहे कि पिछले दिनों प्यार में धोखा खाई युवती ने अपने प्रेमी के घर में तोड़फोड़ की थी। तत्पश्चात उसने महुदा थाना में पिछले छः बर्षो से उसका यौन शोषण एव शादी न करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दी थी।

जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मरीजों की बढ़ेंगी सुविधाएं

## 14 प्रकार की पैथोलॉजी जांच के साथ 58 तरह की दवाओं की होगी व्यवस्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** जिले के 151 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का नया नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर हो गया है। इस बदले नाम के साथ सभी सेंटर में सुविधाएं भी बढ़ जाएंगी। प्रत्येक सेंटर में 14 तरह की पैथोलॉजी जांच की व्यवस्था तथा 58 प्रकार की दवाएं भी मिलेंगी। दोनों व्यवस्था मरीजों के लिए निःशुल्क होंगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश के बाद जिले में इस तरह की तैयारी तेज हो गई है। यह जानकारी सिविल सर्जन सीबी प्रतापन ने दी है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गर्भावस्था जांच, मूत्र जांच, मधुमेह, मलेरिया, एचआईवी, डेंगू, विजुअल इंस्पेक्शन, नमक में आयोडीन , पानी में मल प्रदूषण एवं क्लोरिनेशन की जांच, हेपेटाइटिस बी की जांच, फाइलेरिया, बलगम आदि जांच निःशुल्क की जायेगी।

इसके अलावा अलग अलग बीमारी के लिए 58 तरह की दवाएं भी मिलेंगी। मरीजों को नियमित योग भी कराया जाएगा। यह सारी व्यवस्था निःशुल्क होगी। अभी सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक ओपीडी सेवा चल रही है। लेकिन मरीजों की फिलहाल सामान्य जांच की सुविधा है। ज्ञात हो कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 140 तथा शहरी क्षेत्र में 11 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित चल रहे हैं।

## कुमारधुबी पुलिस ने तीन अवैध शराब कारोबारी को भेजा जेल




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ सोमवार को अभियान चलाया। कुमारधुबी बाजार से कुंदन कुमार गुप्ता एवं गाड़ीखाना से टिंकू बाउरी को अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं शिवलीबाड़ी मुण्डाधौड़ा में आंगनबाड़ी सेविका पिंगला बाउरी के घर से भी अवैध महुआ शराब जप्त किया। मौके से उसके बड़े पुत्र लखाई बाउरी को गिरफ्तार किया गया। इन सभी के पास से लगभग 30 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया। ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि कई जगह अवैध महुआ शराब की बिक्री हो रही है। सूचना पर क्षेत्र में छापेमारी की गयी और मौके से तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। सभी पर एफआईआर दर्ज कर सोमवार को धनबाद जेल भेज दिया गया। कहा कि किसी भी तरह के अवैध कारोबारी या अपराध से जुड़े लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

दिव्यांगों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

## लोगों से की लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी की अपील



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर के धनबाद में जिला प्रशासन और चुनाव आयोग की तरफ से जागरुकता रैली निकाली जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को शहर के रणधीर वर्मा चौक पर राष्ट्रीय बेसहारा विकलांग वेलफेयर फेडरेशन के बैनर तले दिव्यांग लोगों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली शहर के रणधीर वर्मा चौक होते हुए शहर के विभिन्न स्थानों से गुजरी। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि 18 वर्ष से अधिकआयु के लोगों को मत का अधिकार नहीं खोना चाहिए। मतदाता मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। जागरुकता रैली में राष्ट्रीय बेसहारा विकलांग वेलफेयर फेडरेशन धनबाद जिला के अध्यक्ष प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि दिव्यांग होकर बूथों पर जाकर मत का प्रयोग करेंगे तो आम जनों से भी अपील है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के लोग बूथ में जाकर अपने मत का प्रयोग जरूर करें। क्योंकि एक वोट लोकतंत्र के लिए बहुत कीमती है, वोट बर्बाद न करें और अपने मत का प्रयोग करें।

## तेज रफ्तार पिकअप वैन ने ले ली सैलून कर्मी की जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के सिंह नगर में रविवार देर रात लगभग 12:00 बजे तेज रफ्तार पिकअप वैन ने 42 वर्षीय गिरेंद्र कुमार शर्मा नामक युवक की जान ले ली।

मिली जानकारी के अनुसार युवक चिल्ड्रेन पार्क स्थित सैलून कर्मी था। वह रोजाना की तरह साइकिल से शिमला बहाल अपने घर जा रहा था। तेज रफ्तार पिकअप वैन कतरास मोड़ पुल के समीप सीधा टक्कर मार दिया। जिससे गिरेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नि, दो लड़के एवं दो लड़कियों को छोड़ गया। वहीं आक्रोशित लोगों ने गाड़ियों का आवागमन रोक दिया। देर रात पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। इसके पूर्व में भी उक्त मार्ग पर कई घटना घट चुकी है। जिसको लेकर कई बार स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से हाइवा वाहनों की परिचालन की रोक थाम की मांग कर चुके हैं। घटना की जानकारी मिलते ही झरिया पुलिस सह दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच टेंपू और शव को अपने कब्जे में लेते हुए झरिया थाना ले आई। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक के परिवार वाले कुछ दिन पहले अपने पैतृक गांव बिहार गए हुए थे। जिन्हें सूचना दे दी गई है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की पत्नी सुलेखा देवी अपने परिवार के सदस्यो के साथ सोमवार अहले सुबह झरिया थाना पहुंच लिखित शिकायत दर्ज कराई। तत्पश्चात पुलिस ने शव को पोस्टमार्डम के लिए धनबाद भेज दिया । मृतक अपने पीछे एक पत्नी, दो पुत्र व दो पुत्री को छोड़ गए हैं जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

## खबर एक नजर में

### चुनाव में राजपूतो की उपेक्षा भाजपा को महंगा पड़ेगा, विचार मंच ने जताई नाराजगी

**भूली।** लोकसभा चुनाव में राजपूतों की उपेक्षा किए जाने को लेकर उत्पन्न विवाद थामने का नाम नही ले रहा है। झारखंड प्रदेश नेतृत्व और केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा झारखंड में राजपूत समाज को अनदेखा किए जाने को लेकर धनबाद के भूली में राजपूत विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सकलदीप सिंह के अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में झारखंड में राजपूत नेताओं की अनदेखी किए जाने और टिकट काटने पर नाराजगी जताई गई। सकलदीप सिंह ने कहा कि झारखंड में राजपूत समाज का अनदेखी किया जाना भाजपा को महंगा पड़ेगा। राजपूत विचार मंच झारखंड प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व से पुनर्विचार करने का आग्रह कर रही है। अगर राजपूत समाज को उचित सम्मान नही मिलता है तो राजपूत विचार मंच रणनीति बना कर भाजपा के विरोध में कार्य करने को बाध्य होगी। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व अगर दखल नहीं देती है और राजपूत समाज को सम्मान नही देती है तो जमशेदपुर पूर्वी जैसा हाल पूरे झारखंड में हो जायेगा। बैठक में गुप्तेश्वर नाथ सिंह, छोटू सिंह, विजय सिंह, कामता सिंह, रमेश सिंह, गजेंद्र सिंह, शशि सिंह, सरयू सिंह, मदन सिंह, लड्डू सिंह, प्रकाश सिंह, प्रताप सिंह, सीताराम सिंह, कामेश्वर सिंह, यमुना सिंह, जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

### डीडीसी ने दिया द्वितीय चरण की ट्रेनिंग के लिए शीघ्र पत्र जारी करने का निर्देश



**धनबाद।** द्वितीय चरण के प्रशिक्षण को लेकर सोमवार को डीडीसी सादात अनवर ने पदाधिकारियों साथ बैठक की। उन्होंने मतदान पदाधिकारियों के लिए शीघ्र अपॉइंटमेंट लेटर जारी करने का निर्देश दिया। डीडीसी के बताया कि लोकसभा चुनाव के त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए आगामी 18 अप्रैल से मतदान पदाधिकारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू होगा। कुछ मतदान कर्मियों को धनबाद से पाकुड़ भेजा जाएगा। इसके लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड से कर्मियों की मांग की गई है। जैसे ही बीसीसीएल से कर्मियों की सूची मिलेगी, पाकुड़ जाने वाले मतदान कर्मियों का डेटाबेस तैयार किया जाएगा। बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलस्यान, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, भूमि सुधार रूप समाहर्ता संतोष गुप्ता के अलावा डीडीसी कार्यालय के प्रधान ओम प्रकाश सिंह मौजूद थे।

### झामुमो की सिंदरी नगर कमेटी के अध्यक्ष बने अशोक महतो



**सिंदरी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की सिंदरी नगर कमेटी को लेकर केन्द्रीय सदस्य और महानगर उपाध्यक्ष में रस्साकशी के बीच आखिरकार नयी कमेटी की घोषणा की गई। इसके पूर्व रामगोविंद राम को कुछ दिनों के लिए सिंदरी नगर अध्यक्ष घोषित किया गया था। परंतु कुछ कारणों से उन्हें हटाकर कांड्रा निवासी व उपाध्यक्ष के करीबी अशोक महतो को सिंदरी नगर कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा फागु प्रमाणिक को सचिव और सचिदानन्द मुंडा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही नगर कमेटी का विस्तार कर 7 उपाध्यक्ष, 6 संयुक्त सचिव, 6 संगठन सचिव सहित कई कार्यकर्ताओं को नगर समिति में जोड़ा गया है। झामुमो ने सिंदरी नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष रोहित मंडल, सचिव पद पर नाजू सिंह व कोषाध्यक्ष पद पर कृष्ण कुम्हार को मनोनीत किया गया है। युवा मोर्चा कमेटी का भी विस्तार किया गया है। झामुमो सिंदरी नगर अध्यक्ष अशोक महतो व युवा मोर्चा अध्यक्ष रोहित मंडल ने कहा कि पार्टी के भरोसे का सम्मान किया जाएगा।

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स में स्वागत समारोह



**गिरिडीह।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स गिरिडीह में सोमवार को नवम वर्ग की छात्राओं का स्वागत समारोहपूर्वक किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि सीए विकास खेतान एवं स्कॉलर बीएड की प्रिंसिपल शालिनी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। समारोह की शुरुआत अतिथियों को पुष्प गुच्छ व शॉल देकर की गई। इस दौरान 12वीं एवं 10वीं कक्षा की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर अतिथियों व अभिभावकों का मन मोह लिया। अतिथियों ने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि वह दिन दूर नही, जब इस विद्यालय का नाम राज्यस्तरीय व राष्ट्रीय स्तर पर लिया जाएगा। स्कूल के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने नव नामांकित छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सरकार के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की परिकल्पना को जमीन पर उतारने में विद्यालय कोई कसर नहीं छोड़ेगा। समारोह को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक मो अख्तर अंसारी, शिक्षिका पपिया सरकार, राकेश कुमार, इंद्रदेव सर, बाम शंकर, खुर्शीद अंसारी, राजेंद्र कुमार, पुलेज मरांडी, मिथिलेश वर्मा, गीता सिंह, अस्मिता प्रसाद, वीना वादिनि, शोभा पांडे, संध्या संथालिया, सीमाब अख्तर सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

### जन संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में 9 जोन के प्रभारियों का हुआ चयन

**बोकारो।** चास के दीपांजलि पैलेस में जन संघर्ष मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम कुमार महतो की अध्यक्षता एवं करमचंद गोप के संचालन में सम्पन्न हुआ। उपस्थित सदस्यों ने अपने क्षेत्र की जन समस्याओं पर विचार देते हुए श्री महतो के प्रति अपना विश्वास जाहिर किया एवं सर्व सम्मति से लोकसभा चुनाव उपरांत एक वृहद संयुक्त शिकायत निवारण कार्यक्रम करने की सहमति जाहिर की । मौके पर विक्रम महतो ने कहा कि जन समस्याओं को लेकर जन संघर्ष मोर्चा कृत संकल्पित है एवं उनके निवारण हेतु सभी मांगों को लेकर विभागों में हल्ला बोल किया जाएगा। आवश्यकतानुसार संगठन को वृहद रूप देने के लिए प्रभारीयो को जिम्मेदारियां प्रदान की गई । इसमें मुख्य रूप से सलाहकार समिति के गठन के साथ जिले को नौ क्षेत्र में बांटा गया है जिसमें पिंड्राजोरा मामरकुदर तालगड़िया सोनबाद झोपरो कुमीर्डीह जोन चासनगर विस्थापित जोन व सेक्टर नन सेक्टर हेतु विभिन्न कार्यकताओं को जवाबदेही दी गई। सम्मेलन को सफल बनाने में सावित्री देवी रेणु देवी लक्ष्मण राजभर छवि देवी समर कुमार रेखा देवी सुनीता देवी बाला देवी श्रवण बावरी मंटू बाउरी गुरुपद गोप विष्णु बाउरी नकुल महतो किशन कुमार विनोद घोषाल माथुर चंद्र महतो लालू मोहली सुबोध सिंह कैलाश राय मुटुक सहिस भूतनाथ महतो उत्तम कुमार महतो मंटू लाल प्रमाणिक आदि सक्रिय रहे।

### दांतु के एक ढाबा में लगी आग, लाखों का नुकसान

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के दांतु में स्थित होटल इतिका ढाबा में शरारती तत्वों ने आग लगा दी जिससे ढाबा में रखे सामान के साथ कई संपति जलकर राख हो गई। इस संबंध में होटल संचालक बैधनाथ नायक ने कसमार थाना में आवेदन देकर गांव के ही कुछ लोगों पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पीड़ित श्री नायक ने थाने में दिए आवेदन में कहा है कि लगभग दो बजे दिन को गांव के ही लोगों द्वारा मेरे दुकान के बगल में मनरेगा कूप का निर्माण कराया जा रहा था। लिखित शिकायत में बताया गया कि जानबूझकर मेरे दुकान परिसर में लगे आम के पेड़ लीची का पौधा अमरूद का पौधा सहित एक रुद्राक्ष के पेड़ में आग लगा दी गई। आग की लपेटे इतनी तेज थी कि सारे पेड़ जल गए और दुकान के सप्लाई कनेक्शन के सारे तार जल गए। मामले में पीड़ित व्यक्ति ने दिनेश नायक अरुण नायक के कहने पर दो मजदूर भूलु रजक व रामू रजक द्वारा आग लगाने की शिकायत की है।

# कजरैल में दुर्गा पूजा के अवसर पर प्रथम पूजा के साथ भागवत कथा सप्ताह का ज्ञान यज्ञ प्रारंभ कमिटी गठित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ठाकुर गंगटी(गोड्डा)।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित कजरैल गांव में चैती दुर्गा पूजा रामनवमी के अवसर पर मंदिर में प्रतिमा स्थापित कर पाठ पूजा कराई जाएगी और मंगलवार प्रथम पूजा से ही भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हो जाएगा ।दुर्गा पूजा और मेला समिति का गठन कर लिया गया है। विनोद शाह को अध्यक्ष घनश्याम पोद्दार को कोषाध्यक्ष अर्जुन यादव को पुजारी निरंजन पासवान को सचिव अरविंद पोद्दार को उपसचिव जगन्नाथ पासवान, हरि पोद्दार पारसनाथ चौधरी, गुलाबी पोद्दार प्यारे रजक दीपन पोद्दार, मिथुन कुमार, सुचित कुमार, रोशन कुमार, विवेक कुमार, राहुल कुमार, छोटू कुमार, आलोक कुमार, रविंद्र कुमार, अमित कुमार, लक्ष्मीकांत कुमार, शशिकांत भारती, प्रदीप जयसवाल, सन्नी कुमार, दशरथ कुमार सहित युवा शक्ति संघ के तमाम दर्जनों नवयुवकों को दुर्गा पूजा मेला समिति का सदस्य के रूप में चयनित किया गया है। सभी विभागों के संचालक और संरक्षक के रूप में ग्रामीण सह जिला परिषद सदस्य निरंजन पोद्दार को चयनित किया गया है। समिति के बुजुर्ग सदस्यों ने बताया कि पूर्वजों के अनुसार इस गांव में करीब डेढ़ सौ वर्षो से अधिक समय से रामनवमी के अवसर पर अखाड़ा लगती आ रही है और प्रतिमा स्थापित कर चैती दुर्गा पाठ पूजा भी होती रही है और मेला भी लगती आ रही है। बताया कि पूर्वजों के अनुसार डेढ़ सौ वर्षो पूर्व पहले टट्टी का मंदिर हुआ करता था और मिट्टी की पिंडी पर लोग पूजा पाठ किया करते थे। 70 वर्षों पूर्व तक मिट्टी का मंदिर था उसी में प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ किया जाता था और मेला भी लगती थी। उसके बाद फिर छोटे तौर पर मंदिर का पक्कीकारण किया गया था और अभी पिछले 40 वर्षों से बड़ा मंदिर का निर्माण कराया गया था। और अभी पिछले छह वर्षों से काफी भव्य रूप में दुर्गा मंदिर का निर्माण किया गया है जो अपने आप में सुसज्जित दिखाई पड़ता है। पूर्व से ही इस गांव में दुर्गा मंदिर परिसर में विभिन्न प्रकार का धार्मिक कार्यक्रम भी होते रहा है ।इलाके के दर्जनों गांव के श्रद्धालु रामनवमी के दिन लाठी, भाला, बजरंगबली का झंडा लेकर जुलूस के रूप में आकर अखाड़ा लगते हैं। दशमी तिथि को देसी मेला के रूप में इलाके के हजारों श्रद्धालु मां दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन और पूजा पाठ करने आते हैं। वहीं 11वीं तिथि को आदिवासी मेला के रूप में इलाके के साथ-साथ पड़ोसी जिले साहिबगंज, पड़ोसी राज्य बिहार के भागलपुर सहित कई जिला के सैकड़ो गांव के लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इस दिन दूर दराज के आदिवासी कलाकार अपने पारंपरिक वेशभूषा, लिबास में पारंपरिक बादक यंत्र लेकर आते हैं और सिद्धू कान्हो, रामलीला, लंगड़े नृत्य के रूप में अपने कला का बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। ग्रामीण, समाजसेवियों, शिक्षाविदों, गणमान्यों, बुजुर्गों, प्रतिनिधियों आदि द्वारा उन कलाकारों को पुरस्कृत भी कराए जाने की परंपरा चली आ रही है। ईशबार मंगलवार को सुबह 7:00 बजे से प्रथम पूजा के अवसर पर रथ, घोड़े, बाजे गाजे, 1008 कलश यात्री के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कलश शोभायात्रा करीब दर्जन भर गांव से होकर गुजरेगी। बगल के शिव मंदिर के निकट कोवा नदी में ही जल भरा जाएगा और कथा मंडप के निकट कलश स्थापित की जाएगी। संध्या के समय से भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ प्रारंभ हो जाएगा। वृंदावन धाम से कृपा कर पधारी भागवत कथा वाचिका किशोरी कृष्ण नंदनी जी श्रद्धालुओं को कथा सुना कर ज्ञान वर्षा करेगी। इस गांव में प्रत्येक वर्ष सिर्फ ग्रामीण और इलाकों वासियों के सहयोग से सभी कार्यक्रम बिल्कुल शांति और सद्भावपूर्ण वातावरण में संपन्न होते आ रहा है।

### कतरास में दुपहिया वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ी

**कतरास।** थाना क्षेत्र में इनदिनों दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों से वाहन मालिक परेशान हैं वहीं पुलिस अपराधियों को पकड़ पाने में विफल रही है। समाचार के अनुसार कतरास थाना क्षेत्र में प्रत्येक सप्ताह कहीं ना कहीं से एक दो बाईक की चोरी की घटना सरेआम हो गई है। ताजा मामला सोमवार के दिन कतरास थाना के श्यामडीह स्थित संजीवनी नर्सिंग होम के बाहर घटी। जहाँ अपने एक मरीज को देखने पहुँचे एक व्यक्ति की बाईक चोरों ने चुरा ली।

स्पीड न्यूज

## अवैध शराब के विरुद्ध चला छापामारी अभियान

**जयनगर (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में थाना प्रभारी विकास पासवान द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। वहीं मिली गुप्त सूचना के आधार पर जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सांथ के संदीप कुमार के दुकान से 30 पीस केन बीयर एवं 10 लीटर महुआ शराब एवं शंकर सोनी के दुकान से 25 लीटर महुआ शराब बरामद किया तथा दो लोग को गिरफ्तार किया गया।

## पांच वारंटी को जेल

**तिलैया (कोडरमा)।** पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग मामलों में 5 फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने मोहम्मद मुख्तार पिता जहूर अली, शैलेंद्र सिंह पिता राम कृष्ण सिंह, अख्तर अंसारी पिता जलील मंसूरी, केदार सिंह पिता वैद्यनाथ सिंह और चरकू भुइयां पिता कैलाश भुइयां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**टंडवा।** थाना क्षेत्र के सराडू पंचायत के कुंडी गांव निवासी 24 वर्षीय श्याम उर्फ चरकू (पिता छेदी साव) ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने शव को कब्जे में कर अत्यपरीक्षण के चतरा भेज दिया है। मृतक श्याम उर्फ चरकु शादीशुदा है एवं अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गए आत्महत्या के इस कृत्य से गांव में शोक व्याप्त है।

## अभ्रख खदान में चाल धसने से तीन लोग घायल

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत मसनोडीह में सोमवार दोपहर करीब तीन बजे अभ्रख खदान में चाल धसने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मसनोडीह गरहा निवासी 48 वर्षीय केदार दास पिता स्व. जगदीश दास, 60 वर्षीय लक्ष्मण दास पिता गिरारी दास व 55 वर्षीय कुमार दास पिता छोटी दास गांव के ही नीमाटांड जंगल के समीप अभ्रक चुन रहे थे। इसी दौरान अचानक चाल धंस गया, जिसमें उक्त तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों के द्वारा घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## यज्ञ को लेकर तैयारी जोरों पर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह पंचायत के गरगडीहा में आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर 11 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली जायगी। उक्त बातों की जानकारी यज्ञाचार्य देनेशा जी महाराज व यज्ञ समिति से सदस्यों ने दी। वहीं बताया गया कि यज्ञ को लेकर तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

## सोमवती अमावस्या पर धूमधाम से महिलाओं ने की पूजा अर्चना

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सोमवती अमावस्या के मौके पर झुमरीतिलैया के देवी मंडप स्थित पीपल के पेड़ की महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

# ईद की तैयारी में जुटे लोग, बाजार में बढ़ी रौनक

अशरफ हुसैन

**कोडरमा।** रहमत-मगफिरत का महीना रमजान उल मुबारक आखिरी दौर में है। सोमवार को रमजान का 27वां दिन गुजर चुका है। अब ईद आने में सिर्फ एक या दो दिन ही शेष रह गए हैं। सभवतः बुावार को ही ईद की नमाज़ होंगी, बाजार में ईद का रंग चढ़ चुका है। लोगों का मिजाज भी अब ईदयाना हो चला है। सुबह से देर रात तक दुकानों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। कपड़ों की दुकानों में सबसे आकि भीड़ देखी जा रही है। बाजार में करांची और बाजीराव मस्तानी सूट की धूम मची है। शेरवानी और जरी कुर्ता भी खूब पसंद किया जा रहा है। यूवतियों की पहली पसंद कराची सूट है, उन्हें प्लाजो सूट भी खूब भा रहे हैं। बच्चे पठानी सूट पर फिदा हैं। बच्चियों लॉग गॉन व गरारा सेट ज्यादा पसंद कर रही है। युवाओं को शेरवानी और जरी कुर्ता के अलावा जींस व टीशर्ट खूब भा रहा हैं।



**बाजार में बड़ी रौनक :** ईद को लेकर बाजार की रौनक बढ़ गई है। ईद की खरीदारी को लेकर बाजार में भीड़भाड़ उमड़ रही है। सुबह 9 बजे से देर रात 10 बजे तक खरीदारी की जा रही है। झुमरी तिलैया शहर के स्टेशन रोड, जैन गली, लोहानी गली, सोना पट्टी गली, हटिया गली व रांची पटना मुख्य मार्ग स्थित विभिन्न मॉल में खरीदारों की भीड़ देर रात तक लगी रहती है।

**ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष नमाज का समय निाारित, तैयारी पूरी :** जिले में ईद उल फितर की नमाज पढ़ने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

जिले में विभिन्न ईद्गाहों व मस्जिदों में ईद उल फितर की विशेष नमाज का समय निाारित किया जा चुका है। पितृ नमाज की तैयारी को लेकर ईदगाहों में साफ सफाई व मस्जिदों में रंग रोगन का कार्य पूरा हो चुका है।

**ईद उल फितर नमाज़ अदा करने का समय :** जामा मस्जिद असनाबाद में समय 8:30 बजे मुफ़्ती सरफराज़ अहमद, ईदगाह छतरबर में 8 बजे, मौलाना असदक, झलपो ईदगाह में बाराटोला मस्जिद में समय 8 बजे, जामा मस्जिद दर्जी मोहल्ला झुमरीतिलैया में समय 8 बजे, मौलाना चांद भंडरवा मस्जिद में 8 बजे, भादोडीह ईदगाह में 7 बजे, जामा मस्जिद भादोडीह में 8 बजे, नासिरउद्दीन कादरी मदीना मस्जिद गुमो में मुहम्मद अख्तर साहब समय 8 बजे, जलवाबाद ईदगाह में 8 बजे, शहादत हुसैन मस्जिदे गौसिया लक्खीबागी कोडरमा में 8 बजे, शाही मदीना मस्जिद नवादा बस्ती झुमरीतिलैया में सुबह 8 बजे, मुहम्मद शमशेर आलम अंबाकोला मस्जिद में भी 8 ही ईद की नमाज़ होंगी।

## विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार देने पर हुई चर्चा

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की बैठक ब्लॉक चिल्ड्रन पार्क के समीप स्थित प्रजापति भवन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री पप्पू पंडित एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नरेश कुमार पंडित, डॉ. पी. कुमार उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भुनेश्वर पंडित एवं संचालन अजीत आजाद और रविंद्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव में समाज की भागीदारी पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रखंड कमेटी के गठन को लेकर चुनाव कराने पर चर्चा की गई। इस दौरान डॉ. नरेश कुमार पंडित, डॉ. पी. कुमार एवं महासंघ के जिला महामंत्री विजय कुमार पंडित समेत अन्य वक्ताओं ने समाज के उत्थान पर मार्गदर्शन दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक महीने के पहले रविवार को प्रजापति भवन में समाज की बैठक आयोजित की जायेगी।

# जे जे कॉलेज में पोस्टल बैलेट संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर डीडीसी ऋतुराज के मार्गदर्शन में जे जे कॉलेज में पोस्टल बैलेट संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वहीं उन्होंने सभी कर्मियों को पोस्टल बैलेट से वोट डालने के संबा में जानकारी दी एवं बताया कि सभी अपना-अपना प्रपत्र 12 को सही तरीके से भर कर जमा कर दें। उसी के आाार पर उनको मतपत्र निर्गत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रशिक्षण के दिन ही सभी कर्मी अपना मत का प्रयोग कर सकेंगे। वहीं मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन पदाधिकारी एवम् पोल्लिग पदाधिकारी को बताया कि जिनकी नियुक्ति, लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कर ली गई है, उनको भी अपना मत प्रयोग करने का हक है।



चूंकि चुनाव के तिथि के दिन वे सभी अलग-अलग बूथ पर ड्यूटी करेंगे, इसलिए अपने बूथ पर वो अपना वोट नही डाल सकेंगे। चुनाव आयोग ने चुनाव में लगाए जाने वाले सभी कर्मियों को पोस्टल बैलेट के मायम से वोट देने का प्रावधान किया है। प्रशिक्षण के क्रम में सभी प्रतिभागी से प्रपत्र 12 में पोस्टल बैलेट का आवेदन प्राप्त किया गया। प्रपत्र में सभी लोग अपना लोकसभा एवम् विधानसभा का नाम एवं नंबर दर्ज करेंगे। साथ ही उसमें अपना बूथ नंबर एवं वोटर लिस्ट का क्रमांक दर्ज करेंगे। आवेदन पर अपना हस्ताक्षर कर जमा करेंगे। इसी आवेदन के आधार पर सभी कर्मियों को मतपत्र जारी किया जायेगा। वहीं प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर सुदीप सहाय एवं अश्विनि तिवारी ने बताया कि चुनाव के पूर्व अंतिम प्रशिक्षण के दिन ही प्रशिक्षण स्थल पर ही बूथ का निर्माण किया जायेगा। उसी बूथ पर प्रत्येक दिन प्रशिक्षण प्राप्त करने आये हुए मतदान कर्मी, पोस्टल बैलेट के द्वारा अपना वोट दे सकेंगे। प्रशिक्षण के क्रम में मनोज चौरसिया, राजेश्वर पांडे, रामचंद्र ठाकुर, उमेश सिन्हा, रवि कांत रवि, उदय सिंह, दिलीप बर्णवाल, नरेश यादव, सत्यजीत हिमावण, विवेक रंजन, मााव कुमार, संजय सुमन ने उपस्थित सभी कर्मियों को वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से उनके बूथ की संख्या एवम् वोटर लिस्ट का क्रमांक पता करने में सहयोग कर रहे थे।

## रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**सतगावां (कोडरमा)।** रामनवमी एंव ईद को लेकर थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी विजय गुप्ता की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गयी। जबकि संचालन मुखिया प्रतिनिधि सुनील सिंह ने की। बैठक में थाना प्रभारी ने लोगों से पर्व को आपसी भाईचारे के साथ प्रेम व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। इसको यान में रखते हुए रामनवमी जुलूस में धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले एवं फूहड़ गाने पर रोक रहेगी। वहीं उन्होंने शोशल मीडिया पर फेंक व भड़काऊ कमेंट एंव वीडियो नहीं फैलाने की बात कही। बैठक में जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने भी अपने-अपने विचार को रखा। मौके पर प्रखंड प्रमुख ललिता देवी, एसआई बृजनंदन प्रसाद, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, व्यूटी कुमारी, सदानंद यादव, शंकर यादव, समेत मई लोग मौजूद थे।

### गांवा प्रखंड के विभिन्न गावों में किया जनसम्पर्क

# सबक सिखायेगी कोडरमा की जनता : अन्नपूर्णा देवी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पूरे देश की तरह कोडरमा संसदीय क्षेत्र की जनता भी प्राानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी दूरदर्शी नेतृत्व तथा मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जीवन में आये सकारात्मक बदलाव की वजह से हर बूथ पर कमल खिलाने को कमर कसकर तैयार है। यह अलग बात है कि विरोधी ताकतें झूठ बोलकर, लगातार भ्रम फैलाकर जनता को ठगने की कोशिश कर रहे हैं, मगर अब जनता इनके छलावे में नहीं आनेवाली है। अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गांवा प्रखंड के पसनौर, महुवारी, गढ़कौर, पडरिया, पछियारीडीह, खरसान, हरिहरपुर, खेसनौर, पटना चौक, भेलवा, पुरनाडाबर, बगदेडीह, धरवेनावाडीह आदि गावों में जनसम्पर्क के दौरान यह बातें कहीं। चहीं लोगों ने अन्नपूर्णा देवी का स्वागत किया और भारी मतों के अंतर से जीत का आश्वासन दिया।

वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मेरा कोडरमा संसदीय क्षेत्र के एक एक घर आंगन से सीधा रिश्ता है एवं खूब स्नेह और आशीर्वाद मिलता है, माताओं बहनों ने तो हमेशा अपने भरपूर स्नेह से मेरा आंचल भरा है। उन्होंने कहा कि राज्य की मतलबपरस्त गठबंधन वाली सरकार के क्रियाकलापों से लोगों में रोष है, हर जुबान पर भाकपा माले के समर्थन से चल रही कांग्रेस, झामुमो, राजद गठबांन सरकार की लूट, धोखाधड़ी और झूठ की कोई न कोई कहानी है।

# आदर्श आचार संहिता उल्लघंन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले बक्शे नहीं जायेंगे : एसपी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आगामी 11 अप्रैल को होने वाले 'ईद-उल-फितर, सरहुल एवं 17 अप्रैल को रामनवमी पर्व के विाि व्यवस्था संाारण को लेकर बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं एसपी अनुदीप सिंह ने संयुक्त रूप से किया। वहीं सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद-उल-फितर, सरहुल एवं रामनवमी का पर्व संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि सभी सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद-उल-फितर एवं रामनवमी का पर्व मनाएं।

सभी थाना प्रभारी, बीडीओ, सीओ अलर्ट रहेंगे, जहां शांति समिति की बैठक नहीं हुई है, वहां अविलंब शांति समिति की बैठक करेंगे। बैठक में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो, इसे थाना प्रभारी, बीडीओ, सीओ सुनिश्चित करेंगे। सभी डीजे संचालकों के साथ बीडीओ-सीओ, थाना प्रभारी अपने स्तर से भी बैठक करेंगे। डीजे में किसी भी तरह की आपत्तिजनक अश्लील गाने नहीं बजना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी लोकसभा चुनाव होने के कारण आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन न हो इसका ख्याल रखेंगे। आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।



उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान जिला प्रशासन द्वारा आप लोगों को सारी सुविधाएं व व्यवस्था का ध्यान रखा जायेगा। अखाड़ा दल अपने वोलेंटियर्रस के नामों की सूची देने को कहा गया। जुलूस के दौरान कोई भी घातक हथियार नहीं ले जाएंगे। सभी 'अखाड़ों की वीडियोग्राफी होगी, सोशल मीडिया पर सतत निगरानी होगी। सभी जुलूस में मेडिकिल कीट उपलब्ध हो। जुलूस का जो निर्धारित रूट से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया।

वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल जिला को उपलब है, सभी कि प्रतिनियुक्ति कर दी जाएगी। सभी अलर्ट रहकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। किसी भी अफवाह पर यान नहीं देने। अगर कुछ संदिग होता है तो अविलंब स्थानीय बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारियों को सूचित करें प्रशासन अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। वहीं एसडीओ रिया सिंह ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन न हो इसका ख्याल रखेंगे।

एक नजर में

# प्राण-प्रतिष्ठा के लिए राजस्थान से आई प्रतिमाएं का हुआ भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड के सबानो गांव में नवनिर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए सोमवार को राजस्थान से मंगाई गई प्रतिमाएं ढोल-बाजे के साथ गांव पहुंचीं। प्रतिमाओं के आगमन पर ग्रामीणों ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया और जयकारे लगाए।

प्रतिमाओं को वैदिक मंत्रों के साथ मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर 10 से 16 अप्रैल तक रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें संध्याकालीन भजन-कीर्तन, प्रवचन और भंडारे का भी आयोजन होगा।

प्रतिमाओं के आगमन से गांव में भक्ति और आस्था का माहौल है और ग्रामीण आचार-व्यवहार और खान-पान में सात्विकता बरत रहे हैं। पूरा गांव भगवा ध्वज से सजा हुआ है और यज्ञ मंडप को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। प्रवचन और भंडारा स्थल को भी व्यवस्थित रूप से तैयार किया जा रहा है। यज्ञ के सफल आयोजन के लिए यज्ञ समिति के साथ समस्त ग्रामीण सहयोग कर रहे हैं।

# भद्रकाली कॉलेज में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा के तत्वावधान में सोमवार को इटखोरी स्थित भद्रकाली कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के प्राचार्य , स्टॉफ सहित कुल 21 छात्र छात्राओं ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य दुलार हज्जाम ने रक्त देकर किया। शिविर के मौके पर छात्रा रानी ने रक्तदान कर कॉलेज के अन्य छात्र छात्राओं को भी रक्तदान के प्रति जागरूक किया। उसने कहा कि मैं पहली बार रक्तदान कर रही हूँ। शुरू शुरू डर लग रहा था, परन्तु रक्तदान करने के बाद झिझक दूर हो गया। उसने कहा कि हमें रक्त जरूर देंना चाहिए। क्योंकि हमारे दिए गए रक्त से किसी की जान बचती है तो हमें जरूर बचानी चाहिए। मौके पर उपस्थित रेड क्रॉस के सचिव धर्मेन्द्र पाठक ने वैसे छात्र छात्राएं जो रक्तदान करने से परहेज करते हैं उन्हें बताया कि हमारे शरीर में लालरक्त कण जो मौजूद है उनकी उम्र मात्र 120 दिन की होती है। इसके बाद ये स्वतः नष्ट हो जाती है। अगर मानव शरीर का रक्त स्वतः नष्ट नहीं होता तो एक इंसान के शरीर में सैकड़ों लीटर रक्त जमा हो जाता। उन्होनें यह भी बताया कि जब हम किसी को रक्त देते हैं तो हमें ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, शुगर, हार्ट अटैक जैसी बीमारी से भी निजात मिलती है। ऐसे में उन्होनें कहा कि इसी लिए कहा गया है कि रक्तदान महादान है, इससे बढ़कर कोई दान नहीं होता है। रक्तदान शिविर के समापन के बाद सचिव ने कॉलेज के प्राचार्य के साथ साथ सभी स्टॉफ और रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस के एमपीडब्ल्यू रत्नेश कुमार, जीएनएम मधुलता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, लैब टेक्नीशियन विजय कुमार, सहायक तपेश्वसर प्रसाद के अलावा रेड क्रॉस के सदस्य अजय चौरसिया, संतोष केसरी आदि ने अहम भूमिका निभाई।

### कलश स्थापना के साथ आज से शुरू होगा चैत्र नवरात्र

# मां शैलपुत्री की पूजा से मिलते हैं सभी सुखः कामेश्वर तिवारी





मां भद्रकाली माता व भद्रकाली मंदिर के पुजारी कामेश्वर तिवारी

खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** चैत्र नवरात्रि आज से शुरू हो गई है और कलश स्थापना के साथ आज शैलपुत्री की पूजा होगी। इस साल चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल को कलश स्थापना के साथ शुरू होगी और 17 अप्रैल को समाप्त होगी। भद्रकाली मंदिर के पुजारी कामेश्वर तिवारी ने बताया कि जिले के प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में कलश की स्थापना मंगलवार नौ अप्रैल को सुबह 6 बजे से दिन के 10 बजे तक शुभ मुहर्त है। इसक बाद श्रद्धालु भक्त आभजात मुहर्त में भी कलश की स्थापना कर सकते हैं। श्री तिवारी ने कहा कि देवी का आगमन घोड़े पर हो रहा है और हाथी पर सवार होकर मां प्रस्थान करेंगी, जिसे धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शुभ माना जाता है। नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री के रूप में पूजा का विधान है। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की देवी शैलपुत्री की पूजा से सभी सुख प्राप्त होते हैं।

## कोलकाता के फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया भद्रकाली माता मंदिर

चैत्र नवरात्र के अवसर पर जिले प्रसिद्ध मां भद्रकाली माता मंदिर परिसर को ढाई क्विंटल फूलों से सजा दिया गया है। मंदिर को सजाने के लिए इस्तेमाल किये गए फूल कोलकाता से मंगवाए गए है। फूलों को लगाने के लिए भी कोलकाता से करगिरों को बुलाया गया है। नवरात्रों से ठीक एक दिन पहले ही चौपारण के पीके इंटरनेशनल होटल के संचालक प्रभात सिंह की ओर से मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों व फूलों से सजाया गया है। कोलकाता से मंगवाए गए फूलों से मंदिर के मुख्य द्वार, प्रवेश द्वार और गर्म गृह को आकर्षक रूप से सजाया गया है। मालूम हो कि पीके इंटरनेशनल होटल के संचालक पिछले कई वर्षों से माता के मंदिर को फूलों से सजाने का काम कर रहे हैं। मंदिर की शोभा और रौनक देखते ही बन रही है।

# नशे के खिलाफ अभियानः अफीम से ब्राउन शुगर बनाने की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो तस्कर गिरफ्तार

**10 करोड़ 20 लाख रुपए की 204 किलोग्राम अफीम समेत अन्य सामान बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा पुलिस ने इटखोरी में ब्राउन शुगर बनाने की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया और महुदा गाँव से दो तस्करों को 204 किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद अफीम की कीमत लगभग 10 करोड़ 20 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है। डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में गठित टीम ने एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिले में अब तक की सबसे बड़ी अफीम तस्करी की कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने बताया कि 8 अप्रैल 2024 की तड़के 1:15 बजे, गुप्त सूचना मिली कि इटखोरी थाना क्षेत्र के महुदा गाँव में पंकज कुमार दांगी के घर में अवैध रूप से अफीम को फाड़कर नशीला ब्राउन शुगर पाउडर बनाया जा रहा है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) चतरा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पंकज कुमार दांगी के घर से 204.4 किलो गिला अफीम, ब्राउन सुगर बनाने में प्रयुक्त मशीन, एक गैस सिलेंडर, एक गैस चूल्हा, इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन, 100 पीस प्लास्टिक, वेटिंग जैक मशीन, 25.400 किलो मटमैला कपड़ा सना मिट्टी व ब्राउन सुगर बनाने में प्रयुक्त कपड़ा बरामद किया है। साथ ही, इटखोरी थाना क्षेत्र के महुदा गाँव निवासी पंकज कुमार दांगी और राजपुर थाना क्षेत्र के मंझौली बाराबागी निवासी धिरेन्द्र दांगी दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में इटखोरी थाना कांड संख्या 44/24 दिनांक 08.04.2024 यूआईएस 18(बी)/28/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अभियान में इटखोरी थाना प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी और जवान शामिल थे।



## पंजाब और राजस्थान में बना नेटवर्क

डोडा पोस्त, अफीम पर पूर्ण प्रतिबंध होने के बावजूद, नशे के सौदागर राजस्थान और पंजाब में पोस्त और अफीम की तस्करी का एक बड़ा नेटवर्क चला रहे हैं, जिससे उन्हें रातों-रात बड़ा लाभ हो रहा है।

जिला पुलिस की लगातार कार्रवाइयाँ पुलिस के हौसलों की तस्दीक करती हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि तस्करी के बढ़ते मामलों पर पुलिस की सख्ती कितनी प्रभावी साबित होगी।

### तस्करों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान

चतरा के एसपी ने नशीले पदार्थों के व्यापार में शामिल लोगों को चेतावनी दी है कि उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की बुराई की ओर धकेलने वाले किसी भी व्यक्ति को वे नहीं छोड़ेंगे। चाहे कोई किसी और के दिए मादक पदार्थ को बेच रहा हो या खुद ऐसा कर रहा हो, किसी भी स्तर पर संलिप्तता मिली तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### तरहसी-मनातू विद्यालय को +2 उवि में किया गया उत्क्रमित : डॉ शशिभूषण

■ विधायक ने स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के मंत्री को की थी अनुशंसा



तरहसी पलामू। पांकी विस क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं को उच्च माध्यमिक शिक्षा देने हेतु परियोजना व उच्च विद्यालयों को प्लस टू उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया गया है। जानकारी देते हुए पांकी विस क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री को पूर्व में इस संबंध में पत्र भेजकर अनुशंसा किया गया था। प्रेषित अनुशंसा पत्र के आलोक में तथा राज्यस्तरीय विभागीय संकल्प के आधार पर पूरे राज्य में अहर्ता पूर्ण करने वाले उच्च विद्यालयों को +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमण की स्वीकृति दी गयी है। विधायक ने कहा कि +2 उवि में उत्क्रमित होने पर ग्रामीण विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा मिलेगी।

### राकेश समेत सैकड़ों ने थामा बसपा का दामन



मेदिनीनगर। पलामू लोकसभा सुरक्षित 13 निर्वाचन क्षेत्र से रांची राज्य कार्यालय में बहुजन समाज पार्टी के रांची के केंद्रीय प्रभारी जीसी दिनकर एवं प्रदेश प्रभारी रामबाबू चिरगइया एवं प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता के समक्ष पलामू संसदीय क्षेत्र से पूर्व सांसद स्व जोरावर राम के पुत्र राकेश पासवान सैकड़ों समर्थकों के साथ बसपा में शामिल हुए। श्री राकेश ने कहा कि उन्होंने बसपा के कार्य व सिद्धांत से प्रभावित होकर यह कदम उठाया है। श्रद्धेय काशीराम, बहन मायावती, आकाश आनंद एवं बाबा साहब के विचारों को लेकर इन्होंने अपने साथियों और नेताओं के साथ सदस्यता ली। कहा कि बसपा गरीबों, दलितों व शोषितों की पार्टी है। बसपा से ही गरीबों का विकास हो सकता है। मौके पर भवनाथपुर से देवेंद्र प्रजापति, कृष्णा चौधरी, बिश्रामपुर रंभा देवी, मेदिनीनगर के ललन वर्मा, महेश प्रसाद, उदय सिंह आदि थे।

### तीन क्विंटल जावा महुआ व शराब नष्ट



हरिहरगंज पलामू। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस दौरान हरिहरगंज थाना अंतर्गत कुलहिया पंचायत के पहाड़ी क्षेत्र के तलहटी में अवैध महुआ शराब की तीन भट्ठी को ध्वस्त किया गया। साथ ही तीन क्विंटल जावा महुआ और 50 लीटर शराब जब्त की गयी। थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि तीन शराब भट्ठी से 8 प्लास्टिक का ड्राम, तीन क्विंटल जावा महुआ, 50 लीटर निर्मित शराब और शराब बनाने के उपकरण को जब्त कर विनिष्ट किया गया है। वहीं अवैध शराब भट्ठी चलाने वाले कारोबारी के बारे में जानकारी ली जा रही है। अभियान में एसआइ सोनू गुप्ता, नंदलाल साहनी, एएसआई संजय सिंह के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

### मजदूर और ऑटो चालक यूनियन ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



मेदिनीनगर। पलामू उपायुक्त शशि रंजन के आहवान पर झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के केंद्रीय संगठन संयुक्त सचिव राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पलामू जिले के लेस्लीगंज नीलांबर पितांबरपुर टेंपो स्टैंड एवं मुख्य बाजार में लोकसभा आम चुनाव 2024 महापर्व के अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी ऑटो चालकों एवं सम्मानितआम नागरिकों ने ऑटो एवं अन्य परिवहन आदि जगहों पर पोस्टर चिपका कर तथा मतदाता मार्गदर्शिका बांट कर जागरूकता अभियान को मजबूत किया गया। मजदूर नेता राकेश सिंह ने कहा कि राष्ट्र के नव निर्माण का वक्त आ गया है इसलिए सभी लोग जागरूक होते हुए सतर्कता पूर्ण निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर मुर्गा दारू नोट का बहिष्कार करते हुए दरकिनार करें। मतदाता घर से बाहर निकले मतदान के लिए और पहले मतदान करें तब जलपान करें। वोट के चोट से राष्ट्र का नवनिर्माण एवं सशक्त लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें और अपना एवं राष्ट्र का भविष्य उज्जवलमय बनावें। मौके पर विवेक सिंह, मदन सिंह, मोहम्मद कलाम भाई, जय नंदन प्रसाद, मनोज राम, सकलदीप यादव उपस्थित थे।

### अपराध पुस्तक अपराध के कई आयामों से करता है परिचित



■ प्रसित्र पत्रकार रामेश्वरम व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा व केडी सिंह द्वारा लिखित पुस्तक अपराध का लोकार्पण

■ जिंदा इंसान थे रामेश्वरम जिनकी प्रेरणा से संभव हो पाया अपराध पुस्तक का लेखन

मेदिनीनगर। वैचारिकता के प्रति प्रतिबद्ध पत्रिका सुबह की धूप के तत्वाधान में लोकप्रिय पत्रकार रामेश्वरम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा एवं केडी सिंह द्वारा लिखित पुस्तक अपराध के लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन संत मरियम स्कूल के हॉस्टल के प्रशाल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत मरियम स्कूल के चेयरपर्सन अविनाश देव की अध्यक्षता में हुई। संत मरियम स्कूल के बाल कलाकारों ने आगंतुकों के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात समृद्धि मिशन की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने अपने स्वागत वक्तव्य से अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत किया। कहा कि केडी सिंह द्वारा लिखित पुस्तक अपराध के बहाने रामेश्वरम जी को याद करना एक नयी परंपरा की शुरुआत है। संचालन सुबह की धूप के संपादक शिव शंकर प्रसाद ने महाश्वेता की टिप्पणी का स्मरण करते हुए कहा कि भारत का आईना पलामू है और पलामू का आईना रामेश्वरम। उन्होंने कहा कि सबके अपने-अपने रामेश्वरम है। इसमें उपस्थित विद्वतजन अपराध पुस्तक पर अपनी टिप्पणी प्रस्तुत करते हुए रामेश्वरम के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपना अनुभव साझा करेंगे।

# रेहला में नवाह्नपरायण महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर नगर परिषद के रेहला में श्रीरामचरित मानस नवाह्नपरायण महायज्ञ सह 18वां मानस महाधिवेशन को लेकर सोमवार को 501 कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। कलश शोभा यात्रा की शुरुआत रेहला (गढ़वा रोड) स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा योगीबीर देव स्थल प्रांगण से हुआ। कलश शोभा यात्रा को मुख्य अतिथि पलामू संसद बीडी राम विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, एसएस सतीश कुमार, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, कथावाचक स्वामी कृष्णानंद शास्त्री जी महाराज, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित व महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम चंद्रवंशी ने भगवा झंडा दिखा कर रवाना किया।



खास बातें : कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ और जयघोष के बीच रेलवे स्टेशन, थाना चौक होते कोयल नदी तट पहुंचा जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद नगर भ्रमण करते हुये यात्रा वापस योगिबिर बाबा यज्ञशाला परिसर पहुंचा। जहां पूरे विधि विधान से कलश की स्थापना करायी गयी। कलश शोभा यात्रा में राजद लोस प्रत्याशी ममता भुइयां,डॉ बी पी शुक्ला, खैरा विकाश मंच के संस्थापक अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय, डॉ डी पी शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, यज्ञ कमेटी के संरक्षक नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# अपने क्षेत्र के बूथ को मजबूत करें भाजपा कार्यकर्ता : डॉ शशिभूषण

■ चतरा प्रत्याशी कालीचरण का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



तरहसी पलामू। प्रखंड के बेदानी चौक के पास डॉ भीमराव अंबेडकर और परशुराम के फारसा को चतरा भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने माल्यार्पण किया। श्री सिंह ने ग्राम देल्हा, तरहसी, सेलारी, टरिया, बेदानी चौक, सुगी समेत कई जगहों पर पहुंचे और जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कालीचरण को फुल माला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, तरहसी प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, सभी भारतीय जनता पार्टी के मंच मोर्चा के सदस्य उपस्थित थे।

मौके पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र के बूथ को मजबूत बनायें। कहा कि कार्यकर्ता के मेहनत के बल पर ही कोई भी प्रत्याशी चुनाव जीतता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस बार भाजपा कार्यकर्ता चार सौ पार का लक्ष्य पूरा करेंगे। कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सर्वांगीण विकास हुआ है। भाजपा सबका साथ व सबका विकास के तर्ज पर काम करती है।

# हुसैनाबाद में पुलिस को मिली शराब बनाने की मिनी फैक्टरी

■ गुप्त सूचना के आधार पर एसडीओ एसडीपीओ एवं उत्पाद अधीक्षक की संयुक्त कार्रवाई में मिनी शराब फैक्टरी का उद्भेदन

■ चार आरोपी गिरफ्तार और भारी मात्रा में शराब एवं समाग्री बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व उपस्थित अन्य।

**क्या हुआ बरामद**

रॉयल ब्लू विकसी 08 पेटी, रॉयल कॉलसिक 50 पेटी, देशी टनाका शराब 1 पेटी, 7 गैलन स्प्रिट, कैरेमल 1 लिटर, लेबल स्ट्रीकर 500 पीस, बोतल का ढक्कन करीब एक हजार, खाली बोतल 40 हजार, एक बोतल सीलिंग पैकिंग मशीन, बिना नंबर की एक बाइक व फ्लेवर एक बोतल

हुसैनाबाद पलामू। थाना क्षेत्र के सुदरवर्ती ग्राम पंचायत झरगड़ा अंतर्गत बगमनवा गांव में छापामारी के दौरान अवैध शराब की फैक्ट्री पकड़ी गयी है, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब से जुड़ी हुई सामग्री बरामद हुई है।अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया।

उन्होंने बताया कि झाड़गड़ा में अवैध शराब फैक्ट्री में पैकिंग और संचालन की सूचना पुलिस को मिली थी, जिसके बाद उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार, एसडीएम पीयूष सिन्हा के साथ पुलिस निरीक्षक अनिल सिंह एवं उत्पाद विभाग के संयुक्त अभियान में एक छापामारी दल गठित कर घटना की सत्यापन हेतु सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान 1 सुजीत उर्फ संजू रजवार, 2 मुकेश रजवार 3 लालन रजवार, 4 राजकुमार रजवार सभी झरगड़ा टोला बगमनवा थाना हुसैनाबाद मौके पर पाये गये जिसको गिरफ्तार कर मेदिनीनगर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

कलश यात्रा के साथ लेस्लीगंज में श्रीरामचरितमानस महायज्ञ शुरू

# यज्ञ से मिलती है सुख, शांति व समृद्धि : देवेंद्र सिंह 'बिट्टू'

खबर मन्त्र संवाददाता



कलश यात्रा में शामिल पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह।

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। प्रखंड के लेस्लीगंज में नवरात्र को लेकर आयोजित श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के 19वें अधिवेशन का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ सोमवार को किया गया। कलश यात्रा का उदघाटन पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने मुख्य यजमान को कलश देकर की। साथ ही उन्होंने माथे पर कलश भी उठाया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में सुख, शांति व समृद्धि आती है। यज्ञ से समाज को बेहतर दिशा मिलती है।

खास बातें : पूर्व विधायक ने कहा कि हवन कुंड से निकले धुआं से वातावरण शुद्ध होता है। यज्ञ में विद्वानों के प्रवचन अच्छे समाज निर्माण में सहायक हैं। हमें उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए ताकि अपना और समाज का भला कर सकें। इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने यज्ञ स्थल से कलश यात्रा निकाली। इस दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान के जयघोष से प्रखंड गुंजायमान रहा। शोभा यात्रा लेस्लीगंज महावीर मंदिर से शुरू होकर गोपालगंज स्थित मलय नदी तक पहुंची। यहां यज्ञाचार्य प्रवीण मिश्रा ने मंत्रोच्चार के साथ कलशधारियों को पूजा अर्चना कराते हुए जल भरवाया। इसे लेकर वापस महावीर मंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। इसके बाद व्रतियों ने महावीर मंदिर में महाआरती की। कलश यात्रा में यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सोनी, उपाध्यक्ष अरविंद डिसिल्वा, सचिव पवन सोनी, उपसचिव शंकर बैठा, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, उपकोषाध्यक्ष राहुल वर्मा, मुख्य यजमान बालकेश पासवान, मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश गिरी, योगेंद्र सोनी, धर्मेंद्र सोनी, सनातन धर्म सभा केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी आदि मौजूद थे।

## लोकसभा चुनावः छतरपुर एसडीओ ने नावा जयपुर थाना क्षेत्र का किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता





पाटन पलामू। छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार व पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर को देखते हुए नावजयपुर थाना अंतर्गत तिसीबार, दीपोवा बुथ केंद्र का जायजा लिया। वहीं एसडीओ ने चुरादोहर उच्च विद्यालय में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के रहने से संबंधित विधि व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीओ ने पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में मतदान कर्मी व सैनिकों को रहने में कोई समस्या न हो। ताकि मतदान शांतिपूर्ण संपन्न करवाया जा सके। बीडीओ अमित कुमार झा ने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान कराना सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए अभी से ही पुख्ता तैयारी किया जा रहा है। मौके पर छतरपुर एसडीओ व पाटन बीडीओ ने लोगों से चुनाव में मतदान करने की अपील की। अधिकारियों ने शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया। मौके पर नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय भी थे।

## यज्ञ से मिलती है बेहतर कार्य करने की भरपूर शक्ति : भीष्म चौरसिया

■ नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। चैत नवरात्र पर्व को लेकर सदर प्रखंड अंतर्गत श्री रामजानकी मंदिर सुआ कौड़िया से श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि भीष्म चौरसिया ने श्रद्धालुओं को कलश प्रदान कर किया। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर कोयल नदी तट पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं ने कलश में जल भर पुनः मंदिर परिसर पहुंच स्थापित किया। इस दौरान लोग जय श्री राम, जय हुनमान के नारे लगा रहे थे। मौके पर भीष्म चौरसिया ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में शांति व खुशहाली आती है। धार्मिक कार्यों से हमे बेहतर कार्य करने की सीख मिलती है। कलश यात्रा में जिला पार्षद बासों देवी, उप प्रमुख शीतल सिंह, सुआ मुखिया दुलारी देवी, कौड़िया पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह, जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, बीस सूत्री सदस्य सह पूर्व मुखिया पति प्रेम प्रकाश ठाकुर थे।

### तेलियाबांध जामा मस्जिद में खत्में तराबी



मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के पंचायत कौड़िया के टोला तेलियाबांध में रमजान को लेकर खत्में ताराबी का आयोजन किया गया। मौके पर तेलियाबांध जामा मस्जिद, खातिबो इमाम हजरत मौलाना हाफिज वकारी मोहम्मद इदरी रजा चांदो पालमवी ने पढ़ाया और कार्यक्रम के माध्यम से कुराने अजीम के अजमत को बताया। देश के शांति व विकास के लिए दुआ की। कहा कि हिदायत का रोशन सितारा है कुरान। जहां किताबों से आला है कुरान। इस कमेटी के लोग इमाम का इस्तकबाल किया। मौके पर इम्तेयाज अंसारी, गुलाब अंसारी, मो अली अंसारी, जावेद अंसारी, बबलू अंसारी, सईद अंसारी, गुलाम रसूल अंसारी शामिल थे।

### रामनवमी पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने पंकज



विश्रामपुर (पलामू)। सिगसिगी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसमें श्री रामनवमी पूजा महोत्सव के अलावा रामनवमी जुलूस निकालने और आकर्षक झांकी प्रस्तुत करने का फैसला लिया गया। इसके सफल संचालन हेतु एक कमेटी भी बनायी गयी। नवगठित कमेटी का अध्यक्ष पंकज कुशवाहा को बनाया गया। वहीं राहुल कुमार गुप्ता, रविंद्र विश्वकर्मा, राजमुनि चौधरी व राम अयोध्या तिवारी को उपाध्यक्ष, अनुज चौधरी को सचिव, दिनेश गुप्ता को उपसचिव, सुधांशु कुमार को कोषाध्यक्ष तथा धीरज गुप्ता को उप कोषाध्याय चुना गया। इसके अलावा 51 सदस्यीय कार्यकारणी भी गठित की गयी। बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पिता ने किया पुत्र और बहू को जलाकर मारने का प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता



मनातू पलामू। ग्राम पंचायत डुमरी के भुइयां टोला में एक पिता ने अपने ही पुत्र और पुत्रवधू को जलाकर मारने का प्रयास किया। रामजी राम रविवार रात्रि में नशे में धुत होकर अपने बेटे के घर पहुंचा। जहां बेटा और बहू सो रहे थे। इसी बीच रामजी ने घर में आग लगा दी, जिससे बेटा और बहू जलकर खाक हो जाये। लेकिन आग की लपेट जब तेज हो गयी तो जान बचाकर घर का दरवाजा खोल दोनों पति-पत्नी भाग कर अपनी जान बचायी। ग्रामीणों के अनुसार रामजी को अपने बेटे और बहू से हमेशा अनबन रहा करता था। बेटा अलग मकान में रहता था। जबकि रामजी अपनी बेटी के साथ दूसरे मकान में रहता है। इस संबंध में जानकारी मिलने पर मनातू प्रशासन जांच में जुट गयी है।



### लायंस क्लब के योग शिविर का समापन : डॉ श्वेता शेखर

मेदिनीनगर। विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल जेल जाता चौक के पास लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सदस्यों ने तन एवं मन स्वस्थ रखने के साथ स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चुनाव के प्रति जागरूकता के साथ अपनी सहभागिता वोट प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास के उद्देश्य से एक योग शिविर लगाया। डॉ श्वेता शेखर ने बताया कि पतंजलि की योग प्रशिक्षिका ममता दीदी प्रिया पांडे एवं उनकी पूरी टीम के सहयोग से योग का प्रशिक्षण दिया।

## जपला में चैत्र नवरात्र प्रारंभ निकाली गयी कलश यात्रा

■ नवाह्न परायण यज्ञ के जल यात्रा में शामिल हुए हजारों भक्त, जय श्री राम नाम से गूंज उठा शहर

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद पलामू। जपला शहर के महावीर जी भवन में होने वाली चैत्र नवरात्र के अवसर पर नवाह परायण यज्ञ तृतीया वर्ष की सोमवार कलश जल यात्रा के साथ आरम्भ हुआ। अपने पूर्व निर्धारित समय अनुसार हजारों महिला एवं पुरुष भक्त गन सुबह महावीर जी भवन पर जमा हुए। जहां से मुख्य यजमान प्रदीप कश्यप सह पत्नी, तथा आचार्य देवब्रत पाण्डे के पीछे पीछे हजारों की संख्या में शहर के भक्त गण शामिल हुए। बाजा गाजा ढोल नगाड़ों और महावीरी झंडों के साथ शहर के पटेल चौक, मधुशाला रोड, पुरानी बाजार लंबी गली गांधी चौक समेत शहर के विभिन्न मार्गों को भ्रमण किया गया।

### मुरूबार में दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन



नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। इस्लाम धर्म का माहे रमजान मुबारक के सबसे पाक पवित्र महीना रमजान है। जहां रविवार को प्रखंड मुख्यालय के मुरुबार महजीद के प्रांगण में रमजान के मौके पर कृषक मित्र मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह की ओर से इफ्तार पार्टी की। मौके पर रोजेदारों के साथ आम लोगों के लिए दावते इफ्तार पार्टी की गयी। जहां मुस्लिम धर्मावलंबियों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता सभी धर्म वर्ग के लोगों ने इफ्तार करने की तय समय पर रोजेदारों के द्वारा रोजा खोलते हुए इफ्तारी की गयी और रोजा खोला गया।

# पंकज कुशवाहा अध्यक्ष और अनुज बने पूजा कमेटी सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

उंटारी रोड पलामू। श्री रामनवमी पूजा महोत्सव 2024 का हुआ गठन। फिर से पंकज कुमार कुशवाहा को मिला अध्यक्ष पद का ताज अनुज कुमार चौधरी बने सचिव एवं धीरज प्रसाद गुप्ता बने कोषाध्यक्ष। श्री रामनवमी पूजा महोत्सव की सोमवार को पुराना पंचायत भवन में किया गया जिसमें सर्वसम्मति से पारित किया गया कि 2024 का रामनवमी पूजा सह शोभायात्रा झांकी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जायेगा।



बैठक के बाद रामनवमी को सफल बनाने को लेकर एकजुटता प्रदर्शित करते ग्रामीण।

इस कार्यक्रम को अध्यक्ष पंकज कुशवाहा उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, रविंद्र विश्वकर्मा, राजमुनि चौधरी, राम अयोध्या तिवारी, सचिव अनुज कुमार चौधरी उपसचिव दिनेश कुमार गुप्ता, सुधांशु कुमार कोषाध्यक्ष धीरज प्रसाद गुप्ता उप कोषाध्याय संजय मेहता बने प्रबंधन समिति सदस्य रमेश कुशवाहा, उदय कमलापुरी, रामराज मेहता, संतोष गुप्ता, योगेंद्र पासवान, शिव शंकर चौधरी, चंद्रदेव विश्वकर्मा, श्याम सोनी, राजकुमार चौधरी, धर्मेंद्र राम, सुरेंद्र मेहता, कार्यकारी सदस्य विजय कुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता, पप्पू चौधरी, छोटू शर्मा, अजीत चौधरी, रंजीत विश्वकर्मा, निखिल कुमार, हिमांशु मालाकार, अनुज कुमार, सुनील चंद्रवंशी, सभी देवतुल्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ता आशीष के घर गये बाबूलाल मरांडी व बीडी राम

■ परिजनों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलामू से रांची लौटने के दौरान रविवार को देर शाम में प्रखंड क्षेत्र के पोंची गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता आशीष सिन्हा के घर पहुंचे और कुशल क्षेम पूछा। इस दौरान आशीष सिन्हा और उनकी धर्मपत्नी व सुपुत्री ने श्री मरांडी को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

वहीं साथ में आये भाजपा के पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद व वर्तमान में घोषित उम्मीदवार बिष्णु दयाल राम और प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया मौके पर श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी वर्तमान सरकार की पहचान बन गयी है।

वर्तमान सरकार को यहां की जनता नकार दिया है। लोकसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर भाजपा झारखंड की सभी सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव की तैयारी में लग जाएं ताकि भाजपा के सभी प्रत्याशियों की जीत निश्चित हो और केंद्र में तिसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बने। वहीं बीडी राम ने कहा कि भाजपा का 400 पार के नारा इस लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं के मेहनत और लगन के बदौलत पूरा होगा। वहीं भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि राज्य और देश की जनता मोदी की गारंटी पर विश्वास है और इस बार के लोकसभा चुनाव में झारखंड के सभी सीटों पर भाजपा की जीत निश्चित है।

